प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **विधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से हुआ शुरू : 13 और 14 अगस्त को लगातार 24 घंटे तक होगी विजन डॉक्यूमेंट–2047 पर चर्चा।**
2. **मथुरा में जन्माष्टमी के भव्य उत्सव को लेकर तैयारियां तेज : सवा दो सौ किलो चांदी से सजाया गया मंदिर का गर्भगृह।**
3. **वाराणसी का श्री काशी विश्वनाथ धाम आज से पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त घोषित : मंदिर में सिर्फ पर्यावरण अनुकूल सामग्री के साथ ही मिलेगा प्रवेश।**

**और**

4. **राजधानी लखनऊ समेत अधिकांश जनपदों में आज दिन भर हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित : 22 ज़िलों के लगभग 589 गांवों में बाढ़ को लेकर राहत कार्य जारी।**

——————————

**प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। ग्यारह से 16 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में सबसे अहम चर्चा विजन डॉक्यूमेंट–2047 पर होगी। यह चर्चा 13 अगस्त 14 अगस्त तक 24 घंटे लगातार चलेगी। इस दौरान सभी मंत्री अपने–अपने विभागों का विजन डॉक्यूमेंट पेश करेंगे, जिसे नागरिकों के सुझावों के आधार**

पर तैयार किया जाएगा। सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसबार का मानसून सत्र विशेष रूप स महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार अगले 25 वर्षों की कार्ययोजना को सदन के पटल पर रखेगी। बाइट.....

*लगातार चौबीस घंटे तक उत्तर प्रदेश विधानमंडल में इसपे चर्चा होनी हैऔर चर्चा के बाद सरकार के द्वारा कैसे इस विजन डॉक्यूमेंट को नीति आयोग के मार्गदर्शन में इसको लेकर के विस्तृत कार्य योजना की घोषणा भी हम लोग सदन में करेंगे और आगामी पच्चीस वर्ष की कार्ययोजना को लेकर के सरकार अपने विजन को सदन के पटल पर रखेगी और उस कार्यक्रम को एक समय सीमा के अंदर तैयार करते हुए विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के इस संकल्प को आगे बढ़ाने की चर्चा का केन्द्र बिन्दु हमारा सदन बनेगा।*

विधानसभा की कारवाई शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर निर्माण से व्यापारियों में असंतोष का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि सपा के प्रतिनिधिमंडल को विरासत कॉरिडोर में जाने से रोका गया। इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया।

जवाब में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी की राजनीति को नकारात्मक और विकास विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि विकास कार्यों के दौरान किसी का नुकसान न हो। बाइट.....

*आपके तीन दिन पहले मैं स्वयं उस विरासत गलियारे का दौरा किया था। मैं एक एक व्यापारी से बात किया था। वो गोरखपुर के सबसे प्राचीन मंडी है और सबसे पुराना बाजार है। लेकिन कंजेशन होने के नाते अवैध कब्जा होने के नाते वहां पर उस कंजेशन को दूर करके आज सड़क बनाई जा रही है। अपने समय में विकास का आपका कोई एजेंडा नहीं था। अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास कराना चाहती है तो आपको इसमें भी बुरा लगता है। उस मार्ग को बनाने के लिए और एक एक व्यक्ति एक एक व्यापारी को कम्पन्सेशन देने के बाद तीन दिन पहले मैंने स्वयं उस क्षेत्र का दौरा करने की बात की थी।*

विधान परिषद में भाजपा सदस्य विजय बहादुर समेत कई अन्य सदस्यों ने आज भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांश शुक्ला और उनकी टीम के सदस्यों को अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक मिशन पूरा कर लौटने पर बधाई दी।

वहीं समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में बेसिक शिक्षा के गिरते हुये स्तर के संबंध में सूचना दी और अपने विचार सदन में रखे। इस विषय पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि विपक्ष के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है औऱ बेहतर गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ डिजिटल शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार के उत्तर से असंतुष्ट सपा के सभी सदस्यों ने सदन सेवॉक आउट किया।

—————————

भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में जन्माष्टमी के भव्य उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव हमेशा से ज्यादा भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के गर्भ गृह को सवा दौ सो किलो चांदी से सजाया गया है। बाइट....

*भगवान श्री कृष्ण के पाँच हज़ार दो सौ बावनवें जन्म महोत्सव को भौतिक भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष लगभग सवा दो सौ किलो चांदी का उपयोग करते हुए भगवानश्री कृष्ण के गर्भ को सुंदर स्वरूप प्रदान किया गया है। भगवान के जन्म महोत्सव को सुंदर सुचारू और भक्तों के लिए सुलभ बनाने के लिए जो भी उपाय है वे सभी पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।*

———————————

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम को आज से पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित कर दिया गया है। आज मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंदिर क्षेत्र में पूजा सामग्री विक्रेताओं को इस संबंध में जागरुक किया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*आज से पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित होने के बाद से अब श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में प्लास्टिक की टोकरी, लोटाया अन्य सामग्री के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले लगातार एक महीने से मंदिर न्यास अभियान चला कर लोगों को इसके बारे में जागरुक कर रहा है। इसके तहत मंदिर परिसर के दुकानदारों और श्रद्धालुओं से पारंपरिक और पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के उपयोग की अपील की जा रही है। साथ ही लोगों को बांस की टोकरियाँ और स्टील के लोटे बांटकर भी इस अभियान के बारे में अवगत कराया गया है। मंदिर न्यास के मुताबिक यह पहल लोगों*

*को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**प्रदेश भर में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी मं रानीलक्ष्मी बाई की जन्मस्थली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इटावा में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर दिया। कुशीनगर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर विशेष तिरंगा मेले का आयोजन किया गया। मेले में राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर ने तिरंगे पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।**

जौनपुर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर ज़िलाधिकारी ने सभी से अपने अपने घरों में तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाने के आह्वान किया।

———————

मनरेगा कार्य निष्पादन में एटा जनपद जनवरी से अब तक लगातार पहले नंबर पर बना हुआ है। एटा के ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन के प्रभारी उपायुक्त प्रभु दयाल ने कहा कि ये उपलब्धि जनपद के प्रशासनिक प्रयासों और श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। बाइट....

*जनवरी के बाद कुछ ऐसी परिस्थिति बनी। जनपद एटा ने लगातार प्रथम स्थान मिला है। इस बात को मिला है कि यह जनपद मनरेगा सेल डेली समीक्षा करकर अपने सभी एक लाख दस हजार जॉब कार्ड धारकों को नित रोजगार दे रहा है, जो ऐसे हमारे गरीब लोग हैं एक लाख दस हजार जिनके जॉब कार्ड बने हैं, जो डिमांड करते हैं उसको हम एक सौ परसेंट रोजगार दे रहे हैं।*

———————

प्रदेश में आज हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आज सुबह भदोही के गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस की सड़क के किनारे खड़े कंटेनर से ज़ोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में एम्बुलेंस में मौजूद दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई,

जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि एम्बुलेंस दिल्ली से बिहार जा रही थी। हादसे में एम्बुलेंस के चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए गोपीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं श्रावस्ती में एक मोटरसाइकिल की भारी वाहन से हुई टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही हुई मौत हो गई और 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल  है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग एक ही परिवार के थे।

———————

राजधानी लखनऊ समेत आसपास के जनपदों में आज दिनभर रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते हापुड़, बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा और बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के 22 ज़िलों के लगभग 589 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 5 हजार 700 लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाको से राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। सरकार की ओर से राहत औऱ बचाव कार्य तेज़ कर दिए गए हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और बाढ़ चौकियां मुस्तैद हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश क अधिकांश इलाकों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)